# महिला केंद्रित बिजनेस इन्क्यूबेटर बना

टोंक, 8 मई (भगवान सहाय शर्मा): वनस्थली विद्यापीठ स्थित अटल इनक्यूबेशन सेंटर बहुत कम समय में भारत का सबसे बड़ा महिला केंद्रित बिजनेस इन्क्यूबेटर बन गया है। राजस्थान के लिए यह गर्व की बात है कि यहां ऐसी मिसाल कायम हुई है। यह इनक्यूबेटर नीति आयोग, डीओआईटी राजस्थान, डीएसटी भारत सरकार, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय, डीपीआईटी स्टार्टअप इंडिया और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार की ओर से समर्थित है।

एवेस्प्रिंग कार्यक्रम के सफलतापूर्वक समापन पर ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन किया गया था, जो कि राजस्थान, यूपी, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश सहित 7 उत्तर-भारतीय राज्यों में महिला उद्यमियों के प्रोत्साहन के लिए अमेरिकी दूतावास, नई दिल्ली की ओर से समर्थित कार्यक्रम है। इस अवसर पर वनस्थली विद्यापीठ स्थित इनक्यूबेशन सेंटर की ओर से प्रस्तावित विभिन्न वित्त पोषण योजनाओं के तहत कुल 16 महिला स्टार्टअप को 310 लाख रुपए का अनुदान स्वीकृत किया गया। वनस्थली विद्यापीठ में डीएसटी समर्थित निधि प्रयास केंद्र के तहत डीप टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट डोमेन में काम करने वाली 6 महिला इनोवेटर्स को भी 60 लाख रुपए का अनुदान स्वीकृत किया गया। डी.पी.आईआईटी समर्थित स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना के तहत 10 महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप को भी 250 लाख रुपए का अनुदान स्वीकृत किया गया।

Punjab Kesari Pg 6.
9/5/2022